# ईवी कंपनी को भूमि पर 75 प्रतिशत सब्सिडी

**फैसला**

- फुजी सिल्वरटेक के बाद अशोक लीलैंड को मिलेगी यह बड़ी सुविधा
- कंपनी को 18 महीने के अंदर उत्पादन शुरू करना होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी सरकार हिंदुजा समूह की अशोक लीलैंड कंपनी को यूपी सरकार अपनी नई एफडीआई नीति के तहत जमीन खरीदने पर 75 प्रतिशत की छूट देगी। कंपनी पहले फेज में 186 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यूपीसीडा जिस दिन कंपनी को जमीन आवंटित करेगा, उसके 18 महीने के भीतर कंपनी को इलेक्ट्रिक व्हीकल का व्यवसायिक उत्पादन शुरू करना होगा।

यूपी सरकार इससे पहले एफडीआई नीति के तहत 100 करोड़ निवेश के एवज में फ्रंट एन्ड लैंड सब्सिडी फुजी सिल्वरटेक कंक्रीट कंपनी को दिए जाने निर्णय कर चुकी है। औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह व कंपनी के निदेशकों ने गुरुवार को इस पर एक विस्तृत सहमति पत्र पर दस्तखत कर दिए। यह भी तय हुआ कि यूपी सरकार इस कंपनी से उचित मूल्य पर ईवी खरीदने को प्राथमिकता देगी। यूपीसीडा लखनऊ में स्कूटर इंडिया की जमीन पर कंपनी को जल्द कब्जा दिलाएगी साथ ही बुनियादी सुविधाएं भी विकसित करेगा। इस इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड प्लांट में इलेक्ट्रानिक व्हीकल बनेंगे। हर साल यहां 2500 ईवी बनेंगे। साथ ही सेंटर आफ एक्सीलेंस भी बनेगा। स्कूटर इंडिया की 70 एकड़ जमीन पर संयंत्र लगेगा।

एफडीआई नीति 2023 के तहत उच्चस्तरीय कंपनी ने हाल में अशोक लीलैंड कंपनी को ग्रांट एंड लैंड फैसिलिटी के तह 75 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया। कंपनी इस संयंत्र में बस चेचिस एसेंबल होगी। साथ ही बस की बाड़ी बनेगी। इलेक्ट्रिक वाहन भी एसेंबल होंगे। इसके अलावा डीजल, हाईड्रोजन, सीएनजी व एलएनजी द्वारा संचालित बस व ट्रक बनेंगी। कंपनी की योजना 1000 करोड़ रुपये के निवेश की है।

अगर कंपनी तय समय में व्यवासयिक उत्पादन नहीं करपाती है तो उससे दी गई लैंड सब्सिडी 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस ले ली जाएगी। यूपी सरकार एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति भी करेगी।